J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 20.11.2019**

**PUNJAB KESARI**

# छात्रों को पर्यावरण के प्रति किया जागरूक

फरीदाबाद, 19 नवम्बर (ब्यूरो): हरियाणा पर्यावरण संरक्षण फाउंडेशन के एजुकेशन वर्टिकल के तहत शहर के छात्रों को पर्वायवरण के प्रति जागरूक करने के लिए कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। हाल ही में जेसी बोस यूनिवर्सिटी और डीएवी स्कूल (सेक्टर-49) में फरीदाबाद एनवायरमेंट प्रोटेक्शन स्टूडेंट्स असेंबली का आयोजन किया गया। यह असेंबली मॉडल यूनाइटेडनेशंस का एक कॉन्सेप्ट है, जिसकी छात्रों को काफी सराहना की। मानव रचना शैक्षणिक संस्थान के डीजी डॉ. एनसी वधवा ने सभी को हरियाणा पर्यावरण संरक्षण फाउंडेशन के उद्देश्यों के बारे में बताया। इस दौरान हरियाणा पर्यावरण संरक्षण फाउंडेशन के शिक्षा समूह के अन्य सदस्यों ने प्रतिनिधियों को पर्यावरणीय संकट की गंभीरता और सार्वजनिक और निजी क्षेत्र से बड़े दोनों स्कूलों और कॉलेजों के साथ-साथ व्यक्तिगत और शिक्षा संस्थानों की भूमिका के बारे में बताया। जिसमें बर्ड फीडर और बर्ड हाउस बनाने के लिए प्लास्टिक को रीयूज करना, इको क्लब, मैराथन, नुक्कड़ नाटक, इको वारियर बनाना, किचन गार्डन बनाना, हर दिन की गतिविधियों के बारे में ध्यान रखना आदि पर चर्चा की।



*कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डा. एन.सी. वधवा।*

पंजाब केसरी ई-पेपर
Wed, 20 November 2019
https://epaper.punjabkesari.in/c/45957144

**NEWS CLIPPING: 20.11.2019**

**PUNJAB KESARI COM**

# पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों के दृष्टिकोण में बदलाव लाने के उद्देश्य से चर्चा का आयोजन

**फरीदाबाद** ,राकेश देव (पंजाब केसरी)। प्रदूषण एक ऐसी समस्या है जिसका सामना एनसीआर क्षेत्र के अधिकांश लोग दैनिक आधार पर करते हैं, और इसके कारण होने वाली समस्याएं दिन-प्रतिदिन बदतर होती जा रही हैं। पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों के दृष्टिकोण में बदलाव लाने के उद्देश्य से जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में हरियाणा पर्यावरण संरक्षण फाउंडेशन (एचईपीएफ) के फरीदाबाद चैप्टर के सहयोग से पर्यावरण क्षरण और इसके संरक्षण के लिए उपायों पर एक पैनल चर्चा का आयोजन किया। चर्चा सत्र में विश्वविद्यालय और अन्य शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों ने भाग लिया। चर्चा में इस बात पर बल दिया गया कि प्रत्येक व्यक्ति द्वारा की जाने वाली एक छोटी से पहल भी बड़ा बदलाव ला सकती है। चर्चा में पैनल सदस्यों में प्रशासनिक एवं अकादमिक क्षेत्र के विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया, जिसमें जे.सी. बोस विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग, मानव रचना शिक्षण संस्थान में महानिदेशक डॉ. एनसी वाधवा, संस्थान की डीन (शिक्षा) डॉ. बबिता पराशर, श्री फरीदाबाद शिक्षा परिषद के सदस्य डीसी चैधरी, सेवानिवृत्त एचसीएस अधिकारी श्री पुष्पेंद्र सिंह चैहान, एचवीपीएन के सेवानिवृत्त निदेशक श्री एस. के. सचदेवा शामिल हुए। इस अवसर पर पर्यावरण विज्ञान के अध्यक्ष डॉ. आशुतोष दीक्षित, परीक्षा नियंत्रक डॉ. राजीव कुमार और अन्य वरिष्ठ संकाय सदस्य भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का समन्वय पर्यावरण विज्ञान विभाग की संकाय प्रभारी डॉ. रेणुका गुप्ता ने किया। संवाद सत्र के अंतर्गत प्रदूषण के प्रति जागरूकता लाना, फरीदाबाद जिले की तथ्यात्मक स्थिति का अवलोकन करना तथा में स्कूल और कॉलेजों में पर्यावरण संरक्षण के लिए की जा रही पहल का साझा करना था। इस अवसर पर विश्वविद्यालय में सभी विद्यार्थियों और संकायों को अवसर दिया गया कि वे प्रदूषण की समस्या से खुद को जोड़ते हुए इस बात पर चर्चा करें कि कैसे प्रत्येक व्यक्ति कार्बन उत्सर्जन को कम करने तथा एक स्वस्थ प्राकृतिक वातावरण बनाने में कैसे अपना योगदान दे सकता है। इस अवसर पर बोलते हुए, डॉ. एनसी वाधवा ने एनसीआर क्षेत्र में वायु प्रदूषण से संबंधित वर्तमान स्थिति, इसके कारणों और सरकारी संस्थाओं द्वारा समस्या के समाधान के लिए किये जा रहे प्रयासों का विवरण प्रस्तुत किया।



**NEWS CLIPPING: 20.11.2019**

**DAINIK JAGRAN**

# पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया

**जागरण संवाददाता, फरीदाबाद** : हरियाणा पर्यावरण संरक्षण फाउंडेशन के एजुकेशन वर्टिकल के तहत शहर के छात्रों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। हाल ही में जेसी बोस यूनिवर्सिटी और डीएवी स्कूल सेक्टर-49 में फरीदाबाद एनवायरमेंट प्रोटेक्शन स्टूडेंट्स असेंबली का आयोजन किया गया। यह असेंबली मॉडल यूनाइटेड नेशंस का एक कॉन्सेप्ट है, जिसकी छात्रों को काफी सराहना की।

मानव रचना शैक्षणिक संस्थान के महानिदेशक डॉ.एनसी वधवा ने सभी को हरियाणा पर्यावरण संरक्षण फाउंडेशन के उद्देश्यों के बारे में बताया। उन्होंने कहा, यह कार्य दीन दयाल उपाध्याय अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली के सहयोग से किया जा रहा है। इस दौरान फाउंडेशन के शिक्षा समूह के अन्य सदस्यों ने प्रतिनिधियों को पर्यावरणीय संकट की गंभीरता और सार्वजनिक और निजी क्षेत्र से बड़े दोनों स्कूलों और कॉलेजों के साथ-साथ व्यक्तिगत और शिक्षा संस्थानों की भूमिका के बारे में बताया। जिसमें बर्ड फीडर और बर्ड हाउस बनाने के लिए प्लास्टिक को रि-यूज करना, इको क्लब, मैराथन, नुक्कड़ नाटक, इको वारियर बनाना, किचन गार्डन बनाना, हर दिन की गतिविधियों के बारे में ध्यान रखना आदि पर चर्चा की।



डीएवी स्कूल में आयोजित फरीदाबाद एनवायरमेंट प्रोटेक्शन स्टूडेंट्स असेंबली के दौरान छात्र अपने विचार रखता • फोटो विद्यालय प्रबंधन की ओर से।

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 20.11.2019**

**HINDUSTAN**

# पर्यावरण के बारे में जागरूक किया

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में मंगलवार को पर्यावरण संरक्षण फाउंडेशन (एचईपीएफ)की ओर से पर्यावरण संरक्षण और इसके बचाव को लेकर गोष्ठी का आयोजन किया। इसमें विश्वविद्यालय और विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों ने हिस्सा लिया।

वक्ताओं का कहना था कि एक छोटी सी पहल बड़ा बदलाव लाया जा सकता है। इसमें विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग, मानव रचना शिक्षण संस्थान में महानिदेशक डॉ. एनसी वाधवा, संस्थान की डीन डॉ. बबिता पराशर, शिक्षा परिषद के सदस्य डीसी चौधरी, पुष्पेंद्र सिंह चौहान आदि शामिल हुए। **(का.सं.)**

**NEWS CLIPPING: 20.11.2019**

## NAVBHARAT TIMES

# पर्यावरण संरक्षण के उपायों पर हुई चर्चा

■ **एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद :** पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों की सोच में बदलाव लाने के उद्देश्य से जेसी बोस (वाईएमसीए) यूनिवर्सिटी में एक चर्चा का आयोजन किया गया। पर्यावरण संरक्षण पर आयोजित यह चर्चा यूनिवर्सिटी ने हरियाणा पर्यावरण संरक्षण फाउंडेशन के फरीदाबाद चैप्टर के सहयोग से आयोजित की। चर्चा में शामिल पैनल सदस्यों में जेसी बोस यूनिवर्सिटी के कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग, मानव रचना शिक्षण संस्थान में महानिदेशक डॉ. एनसी वाधवा, संस्थान की डीन डॉ. बबिता पराशर, फरीदाबाद शिक्षा परिषद के सदस्य डीसी चौधरी, सेवानिवृत्त एचसीएस अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह चौहान, एचवीपीएन के सेवानिवृत्त निदेशक एसके सचदेवा शामिल हुए।

इस अवसर पर डॉ. एनसी वाधवा ने एनसीआर क्षेत्र में वायु प्रदूषण से संबंधित वर्तमान स्थिति, इसके कारण व सरकारी संस्थाओं की तरफ से इसके समाधान के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में जानकारी दी। कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग ने कहा कि हमारा छोटा सा प्रयास पर्यावरण में सुधार लाने के लिए कारगर साबित हो सकता है। इस मौके पर डॉ. बबीता प्रसाद ने हरियाणा पर्यावरण संरक्षण फाउंडेशन के उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हमारी योजना में रन फॉर द एनवायरनमेंट, पृथ्वी दिवस, पर्यावरण दिवस का आयोजन, अच्छी आदतों को अपनाने पर बल देना, पौधे लगाना, रसायन व ई-कचरे के उपयोग को कम करना शामिल है। इस मौके पर यूनिवर्सिटी के पर्यावरण विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. आशुतोष दीक्षित, परीक्षा नियंत्रक डॉ. राजीव कुमार, डॉ. रेणुका गुप्ता आदि मौजूद थे।

**NEWS CLIPPING: 20.11.2019**

**DAINIK BHASKAR**

## हरियाणा पर्यावरण संरक्षण फाउंडेशन तैयार कर रहा है विस्तृत कार्य योजना

# पर्यावरण संरक्षण के लिए एक छोटी से पहल भी बड़ा बदलाव ला सकती है: प्रो. दिनेश

भास्कर न्यूज़ | फरीदाबाद

प्रदूषण एक ऐसी समस्या है जिसका सामना दिल्ली-एनसीआर के लोग कर रहे हैं। इससे होने वाली समस्याएं लगातार गंभीर होती जा रही हैं। इसलिए पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों के दृष्टिकोण में बदलाव लाने के उद्देश्य से जेसी बोस यूनिवर्सिटी में हरियाणा पर्यावरण संरक्षण फाउंडेशन (एचईपीएफ) के सहयोग से पर्यावरण क्षरण और इसके संरक्षण के लिए उपायों पर चर्चा का आयोजन किया गया। इसमें जेसी बोस यूनिवर्सिटी सहित अन्य शैक्षणिक संस्थानों के स्टूडेंट्स और स्टाफ ने भाग लिया। चर्चा में इस बात पर बल दिया गया कि प्रत्येक व्यक्ति की ओर से की जाने वाली एक छोटी सी पहल भी बड़ा बदलाव ला सकती है। इस दौरान जेसी बोस यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों के दृष्टिकोण में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए हरियाणा पर्यावरण संरक्षण फाउंडेशन की ओर से किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने स्टूडेंट्स से कार्यक्रम के प्रचार के लिए पर्यावरण राजदूत के रूप में कार्य करने का आग्रह किया।



फरीदाबाद. पर्यावरण क्षरण और इसके संरक्षण विषय पर संबोधन देते वक्ता।

## पर्यावरण की रक्षा करना सभी की जिम्मेदारी

मानव रचना शिक्षण संस्थान के महानिदेशक डॉ. एनसी वधवा ने एनसीआर क्षेत्र में वायु प्रदूषण से संबंधित वर्तमान स्थिति, इसके कारणों और सरकारी संस्थाओं की ओर से समस्या के समाधान के लिए किए जा रहे प्रयासों का विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा पर्यावरण की रक्षा करना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए अच्छी आदतों को अपनाने और बढ़ावा देने के लिए स्टूडेंट और संकाय सदस्यों को प्रोत्साहित किया। कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग ने कहा कि शिक्षा, जागरूकता और पर्यावरण संरक्षण के लिए अच्छी आदतों का अपना ऐसे समाधान हैं जो वास्तविक परिवर्तन ला सकते हैं।

## पर्यावरणीय को लेकर बन रही कार्य योजना

डॉ. बबिता प्रसाद ने एचईपीएफ के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए बताया कि फाउंडेशन उद्योग, गैरसरकारी संगठनों, समुदाय, धर्मों संस्थाओं तथा शिक्षण संस्थानों के सहयोग से गंभीर पर्यावरणीय आपातकाल को कम करने के लिए एक रणनीतिक कार्य योजना तैयार करने की दिशा में काम कर रहा है। उन्होंने कार्य योजना के तहत की जाने वाली गतिविधियों के बारे में बताया। इसमें रन फॉर द एनवायरनमेंट, प्रासंगिक दिवस जैसे पृथ्वी दिवस और पर्यावरण दिवस का आयोजन, अच्छी आदतों को अपनाने पर बल देना, पौधरोपण अभियान, वनस्पतियों एवं जीव-जंतुओं का संरक्षण, प्लास्टिक, रसायन और ई-कचरे के उपयोग को कम करना शामिल है। इसमें ओल्ड फरीदाबाद, एनआईटी, बल्लभगढ़ और ग्रामीण अंचल शामिल है। फाउंडेशन का शिक्षा समूह कार्यक्रम के प्रभावी और सफल निष्पादन को सुनिश्चित करने के लिए जोनल, क्लस्टर और व्यक्तिगत स्कूल स्तर पर समितियों का गठन करेगा।